हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
13082026 Raipur Bhoomi - 13 Au

खबर संक्षेप

## हज प्रशिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 23 तक



रायपुर। हज 2027 में हजयात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए हज प्रशिक्षकों से आऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।इच्छुक हज प्रशिक्षक 23 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्ज़ा एजाज बेग ने बताया कि, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 05 से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2027 के लिए जाने वाले हज यात्रियों को हज की ट्रेनिंग देने के लिए, हज प्रशिक्षकों के ऑनलाइन आवेदन 11 अगस्त से 23 अगस्त तक आमंत्रित किए जाएंगे। हज प्रशिक्षक के लिए निर्धारित अहर्ता एवं नियमावली का सम्पूर्ण विवरण, हज कमेटी की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर सर्कुलर 05 में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी, मुखर्जी बाड़ा बैरन बाजार, रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर संपर्क किया जा सकता है।